देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 21 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मनोरंजन, मीडिया और व्यवसाय की भूमिका



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 20 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 23.0° | 38243.40

2 काबुल में स्कूल के बाहर भीषण विस्फोट

7 तो गेंदबाज पर दबाव आता है

# चार धाम में गैर हिंदुओं का होगा वैरिफिकेशन

## चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री धामी का बड़ा फैसला

**संवाददाता**

देहरादून। चार धाम क्षेत्रों में गैर हिंदुओं के प्रवेश वर्जित करने को लेकर उठ रही मांग पर आज मंगलवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा उत्तराखंड शांत रहना चाहिए। हमारे प्रदेश की संस्कृति बची रहनी चाहिए। बाहर के जिन लोगों के उत्तराखंड में सत्यापन नहीं हुआ है उनका सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन अभियान चलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कहा उत्तराखंड के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि बरकरार रहनी चाहिए।

**हम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए चलाएंगे अभियानः** मंगलवार को सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम स्थलों से गैर हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए अभियान चलाएंगे। हम कोशिश करेंगे कि जिनके पास उचित सत्यापन नहीं है, वे इसे करवा लें। जिन लोगों के कारण स्थिति अस्थिर हो सकती है, वे राज्य में प्रवेश न करें।

**संतों से सीएम से की थी मांगः** बता दें कि बीते दिनों संतों ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि चार धाम यात्रा में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार के संज्ञान में यह विषय है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सरकार इस तरह की कोशिशों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी।

उत्तराखंड में हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में हनुमान जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान कुछ अराजक तत्वों ने शोभायात्रा पर पथराव कर दिया। इससे वहां तनाव हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए भगवानपुर में आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पुलिस बल भेजा गया। मुख्यमंत्री स्वयं इस घटना पर नजर रखे हुए थे। वहीं, घटना के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया था। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी साफ कर दिया है कि आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रष्टाचार की शिकायत होगी तुरंत कार्रवाई

भ्रष्टाचार को लेकर हमने एक फोन नंबर लांच किया है 1064। उसे हम प्रभावी रूप में काम में लेंगे। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार की शिकायत हो तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाए।



### यहां असामाजिक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं

सीएम धामी ने कहा कि हमारा राज्य शांत प्रदेश है, यहां असामाजिक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि हम राज्य में बिजली संकट से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम अतिरिक्त मात्रा में बिजली खरीदेंगे।

### 40 हजार से अधिक यात्रियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। अब तक 40 हजार से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं। इस बार चारधाम यात्रा में भारी संख्या में तीर्थ यात्रियों के आने की उम्मीद है। जिस तेजी के साथ लोग पंजीकरण कर रहे हैं उससे चारधामों में यात्रियों की भीड़ का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। 3 मई को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। केदारनाथ धाम के कपाट 6 मई और बदरीनाथ धाम के कपाट 8 मई को विधि विधान से खुलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के मामलों में बड़ी गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में एक दिन बाद ही कोरोना के मामलों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 1,247 ने मामले सामने आए हैं। जबकि सिर्फ एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 928 डिस्चार्ज हुए हैं। हालांकि, एक्टिव मरीजों की संख्या में फिर इजाफा हुआ है।

### सोनिया गांधी के साथ प्रशांत किशोर की बैठक जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बीते दो लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मंगलवार को एक बार फिर प्रशांत किशोर से साथ बैठक कर रहे हैं।

# कोविड का मुश्किल दौर भी हमें रोक नहीं पाया

## तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर पीएम मोदी, कई परियोजनाओं की दी सौगात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुजरात। गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जामनगर में डब्ल्यूएचओ के ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया है। इस दौरान डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डाक्टर टेड्रोस घेब्रियसस और मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नेपाल, बांग्लादेश, भूटान प्रधानमंत्रियों ने वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा भारत में पारंपरिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र की स्थापना मानवता के सामने सबसे कठिन समय में भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिबद्धता की उल्लेखनीय पूर्ति है। कोविड का मुश्किल दौर भी हमें रोक नहीं पाया।

पीएम मोदी ने गुजरात के जामनगर में डब्ल्यूएचओ के ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया है। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेश के साथ ही मारिशस के प्रधानमंत्री और केंद्रीय आयुष मंत्री मौजूद रहे। वहीं बनासकांठा में पीएम ने बनास डेयरी संकुल में अत्याधुनिक डेयरी परिसर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बनास डेयरी में विकास का पहल किसानों को सशक्त बनाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। पीएम ने कहा कि हम यहां अनुभव कर सकते हैं कि कैसे सहकारी आंदोलन आत्मानिर्भर भारत अभियान को ताकत दे सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि बनास डेयरी संकुल, चीज और व्हे प्लांट, इन दोनों का डेयरी सेक्टर के विस्तार में अहम योगदान है। बनास डेयरी ने ये भी सिद्ध किया है कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के लिए दूसरे संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकता है।

### डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने भारतीय गुरुओं का जताया आभार

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉक्टर टेडरोस अदनहोम गेब्रेहेसस ने इस मौके पर गुजराती में जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ–ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन कोई संयोग नहीं है। मेरे भारतीय शिक्षकों ने मुझे पारंपरिक दवाओं के बारे में अच्छी तरह से सिखाया और मैं उनका बहुत आभारी हूं।

# जिंदा रहना चाहते हैं तो डाल दें हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस ने यूक्रेन की सेना से हथियार डालकर सरेंडर करने को कहा है। इस क्रम में यूक्रेनी सेना को धमकी दी गई है कि वे हथियार डाल देंगे तो उनकी जान बची रहेगी। रूस ने यूक्रेनी सेना और विदेशी लड़ाकों से दोपहर तक ग्यारह वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में बनी अजोवस्ताल इस्पात मिल को सरेंडर करने को कहा है। दी गई धमकी में कहा गया है कि जिंदा रहना चाहते हैं तो सरेंडर कर दें। दरअसल यह प्लांट मारियूपोल का आखिरी बड़ा इलाका है। यहां अब भी यूक्रेनी सेना का नियंत्रण है।

**मिल में मौजूद सैनिकों को रूस की धमकीः** रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने पहले बताया था कि करीब 2,500 यूक्रेनी सैनिक अजोवस्ताल में है। रूस के कर्नल जनरल मिखाइल मिजिनत्सेव ने बताया कि अजोवस्ताल इस्पाल मिल में यूक्रेन के जो सैनिक रूस की घेराबंदी में हैं, उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजे तक का समय दिया गया है। हफ्तों से रूस ने मारियूपोल को घेर रखा है। यूक्रेन की ओर से बताया गया है कि प्लांट के भीतर करीब हजार लोगों ने सुरक्षित पनाह लिया हुआ है। यह भी बताया गया है कि रूस की ओर से भीषण बमबारी जारी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी किया जिसमें कहा गया, श्जो हथियार डाल देंगे उन्हें जिंदगी बख्शी जाएगी।

**पिछले माह भी दी गई थी ऐसी ही धमकीः** इससे पहले पिछले माह मार्च में मारियूपोल में जंग कर रहे सेनाओं से भी ऐसा ही कहा गया था कि वे मोर्चे से हट जाएं और हार मान लें। इसके जवाब में यूक्रेन ने कहा था कि हथियार डालने और सरेंडर करने का कोई सवाल नहीं उठता।

### धमकी

■रूस ने दी यूक्रेनी सेना को धमकी

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# उत्तराखंड में करवट बदल सकता मौसम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी पड़ रही है जिससे लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने आज भी देश के कई राज्यों में लू और गर्मी जारी रहने की संभावना है। कड़ी धूप के साथ गर्म हवाओं के चलते गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। उत्तराखंड में बुधवार से मौसम करवट बदल सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं गरज के साथ बौछार और ओलावृष्टि हो सकती है। जबकि, मैदानों में अंधड़ की आशंका है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 21 से 23 अप्रैल तक के बीच उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान दिल्ली–एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में लू चलने का पूर्वानुमान है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग आज से अगले 5 दिनों के दौरान जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के एक इलाकों में तेज आंधी और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है।

### देश के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ लू चलने की संभावना